


# ड्रॉ-स्ट्रिंग बैग

## इस ट्यूटोरियल में आप ड्रॉ-स्ट्रिंग बैग बनाना सीखेंगे।



यह बैग जिसे बनाना त्वरित और आसान है, और सामान को अंदर रखने और लटकाने के लिए जबरदस्त सुविधाजनक है, इस बैग का इस्तेमाल किताबों से लेकर सामान तक कुछ भी ले जाने के लिए किया जा सकता है और यह यात्रा के लिए एक शानदार साथी बनता है।

इस बैग को बनाने के लिए आपको चाहिए होगा - 17 x 14 इंच का एक कपड़ा, 12 फीट लंबा एक कॉर्ड का टुकड़ा, धागे, प्लास्टिक की सुई जो आपको कॉर्ड दाखिल करने में मदद करे, और एक इस्त्री।

आइए शुरू करे, चार किनारों से शुरू करते है - किनारों को लंबाई के साथ लगभग 5 इंच मोड़ें... इस तरह... और उन्हें इस्त्री करें। डबल फोल्ड करे और इस्त्री जारी रखें। कपड़े की लंबाई के चारो किनारों पर ऐसा करें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है।

अब स्टिच पैटर्न सीलेक्टर को A पर घुमाकर और स्टीच लेंथ को 2.5 पर करके अपनी मशीन सेट करें।

हम इस्त्री की गई और फोल्ड की गई साइड्स के साथ सिलाई करेंगे जैसा कि आप ट्यूटोरियल में देख सकते हैं। एक समय में एक किनारे को सिलना शुरू करें। एक बार जब आपकी चारो किनारों की सिलाई समाप्त हो जाए तो सभी अतिरिक्त धागे को ट्रिम कर ले।

अब चौड़ाई के साथ - जैसा कि आप ट्यूटोरियल में देख सकते हैं, पहले आधे इंच में मोड़ें। इसे इस्त्री करें।

फिर से एक इंच से मोड और इस्त्री करे।







दूसरी तरफ दोहराएं। अब फोल्डेड किनारों के साथ सिलाई करे। ये फ्लैप हैं। रिवर्स स्टिच का उपयोग करके दोनों सिरों पर टाँके में लॉक करना याद रखें।

दूसरी तरफ भी सिलाई करे। अतिरिक्त धागे को ट्रिम करें। हमने अपनी टॉप टनलिंग पूरी कर ली है।

अब हम इस प्लास्टिक की सुई की मदद से टनल के माध्यम से कॉर्ड को डालेंगे और पास करेंगे।

सुई में कॉर्ड डालने के बाद एक गाँठ बाँधें और फिर टनल के एक छोर में से सुई को इस तरह से दूसरे छोर तक गुज़ारें। फिर उसे कपड़े के दूसरे छोर पर सुरंग के माध्यम से पास करें जैसा कि आप ट्यूटोरियल में देख सकते हैं।



सुई को बाहर निकालें और कॉर्ड को सुरक्षित करने के लिए उस पर एक गाँठ बाँधें। कॉर्ड की वांछित लंबाई लें और काट लें।



फिर से दूसरे कॉर्ड की लम्बाई को दाखिल करने के लिए सुई और कॉर्ड का उपयोग करें। इस समय दूसरी तरफ से शुरू करे। टनल के माध्यम से कॉर्ड को दोनों छोरों को उसी तरह से पास करें। हो जाने के बाद, छोर को काट लें और एक गाँठ बाँध लें।



सुनिश्चित करें कि दोनों कॉर्ड समान लंबाई के हैं। इसे ठीक तरीके से पाने के लिए ट्यूटोरियल में दिखाए गए स्टेप्स का पालन करें।

अब कॉर्ड को इस तरह से कपड़े के बीच रखते हुए, दो कॉर्ड के सिरों को लें जो एक ही तरफ हों और उन्हें फोल्ड के निचले हिस्से में रखें। कॉर्ड्स को अपनी जगह पर रखने के लिए उन्हें पिन करें। साथ ही साइड को भी पिन करें।



दूसरी तरफ के दो कॉड्र्स के साथ भी दोहराएं। अब दोनों किनारों पर पिन किए गए किनारों को सिले। सुनिश्चित करें कि आप मजबूती के लिए शुरुआत और अंत में एक रिवर्स स्टीच करें। सुनिश्चित करें कि सिलाई करते समय कॉड्र्स अंदर रहें।

जैसे-जैसे आप सिलते जाए, वैसे-वैसे पिन निकालना याद रखे।
अतिरिक्त कॉड्र्स और धागे को काट ले।

इसके बाद हम ओवर-एजिंग के लिए बाजुओं के साथ एक जिग-ज़ैग सिलाई करेंगे। पैटर्न सिलेक्टर को C पर सेट करें और स्टीच लेंथ को 1.5 करें।

किनारों के साथ सिलाई करें। अतिरिक्त धागे ट्रिम करें। बैग की सही बाजु को बाहर की ओर मोड़ें।

आपका ड्रॉ-स्ट्रिंग बैग तैयार है।

ड्रॉ-स्ट्रिंग बैग बनाना बहुत आसान है और उपयोग और केरी करना एकदम सुविधाजनक है। स्टाइलिश और मज़ेदार जिन्हे आप किसी भी चीज़ के लिए उपयोग कर सकते हैं। यदि आप बैग के चाहने वाले हैं तो हमारे अन्य बैग के ट्यूटोरियल भी देखें।

हैं न यह एकदम कूल!

